तापमान

अधिकतम 40.4 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर






# नगरनार मेला में देवी भंडारिन की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरनार

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक चैत्र मेला मड़ई ग्राम पंचायत नगरनार में हर्सोल्लास के साथ ग्राम देवी मां भंडारिन की पावन धरा में मनाया गया। जिसे राजा मडई के नाम से भी जाना जाता है। शुक्रवार को ऐतिहासिक मेले में बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव को आमंत्रित कर उनको गांव में स्थित मां भंडारिन माता मंदिर मे पूजा अर्चना करने के बाद रथ मे बिठाकर मेले की परिक्रमा कराई गई। इस अवसर पर तरह- तरह की झांकियों की प्रस्तुति दी। सदियों से चली आ रहे इस मेले में रात्रिकालीन नाट नृत्य और मीना बाजार आकर्षित का केंद्र रहता है। मेले में विधायक किरण देव, सांसद प्रत्याशी महेश कश्यप, सरपंच लैखन बघेल समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### मतदान पूर्व आबकारी अमले का कई ठिकानों पर रेड, पकड़ी शराब



**कांकेर।** मतदान के एक दिन पहले 25 अप्रैल की देर शाम को आबकारी टीम को अवैध शराब विक्रय की जानकारी मिलने पर कई ठिकानों पर दबिश दिया। आबकारी टीम को कई ठिकानों से शराब पकड़ने में सफलता मिली। शराब की खपत करने जो पकड़ाए है, उनके गाँव वालों की मानें तो यह कोचिया है और इस कार्य में लंबे समय से लिप्त है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्रभारी अधिकारी वृत्त चारामा द्वारा डूमरकोट थाना चारामा निवासी 47 वर्षीय धनेश पोया पिता घसिया राम को अवैध शराब बेचते हुए 15 पाव च्वाईस व्हिस्की जब्त कर धारा 34(1) (ख) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। चारामा तहसील के ग्राम जंवरतरा मार्ग में कुल 12 हजार 480 रूपए के कुल 117 पाव शराब प्लेन मदिरा को जप्त किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अंतर्गत प्रकरण कायम कर आरोपियों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शराब पीकर मतदान केंद्र में ड्यूटी पर, प्रधान अध्यापक निलंबित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रधान अध्यापक धरमदेव मरकाम को निलंबित किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-11 कांकेर अंतर्गत धरमदेव मरकाम प्रधान अध्यापक, प्राथमिक शाला बालक आश्रम एड़ानार, संकुल केन्द्र सरन्डी, विकासखण्ड अंतागढ़ की ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 भानुप्रतापपुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 215 में मतदान अधिकारी क्रमांक 02 में लगाई गई थी। संबंधित कर्मचारी द्वारा 25 अप्रैल को निर्वाचन कर्तव्य पर शराब का सेवन कर उपस्थिति दी गई थी, जिसका चिकित्सीय परीक्षण कराए जाने पर शराब का सेवन किया जाना पाया गया। उक्त प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत करते हुए, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य पर शराब पीकर नशे की हालत में उपस्थित होने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण छ. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) (क) के तहत धरमदेव मरकाम प्रधान अध्यापक, प्राथमिक शाला बालक आश्रम एड़ानार, संकुल केन्द्र सरन्डी, विकासखण्ड अंतागढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### श्री साईं समिति ने धार्मिक कार्य में सेवा सत्कार के सहयोगियों का किया सम्मान

**भानुप्रतापपुर।** नव दिवसीय श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत कथा के इस भव्य धार्मिक आयोजन में सेवा सत्कार्य के लिए सहयोगी साथियों को गुरुवार को श्री सांई बाबा सेवा समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। इस धार्मिकआयोजन को विधि विधान व श्रद्धा भक्ति के साथ सम्पन कराने के लिए अयोध्या, वृंदावन से आये महराज जी के साथ ही पंडित अविनाश चौबे व पंडित दुर्गेश चौबे एवं जजमान शिवलाल साहू, आर सी जैन, एम के सिंह व जितेंद्र जायसवाल, राजकुमारी जायसवाल के साथ ही सहयोगी साथियों जो इस कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग प्रदान किये है उन्हें पंडित अविनाश चौबे के हाथों सम्मनित किया गया।

**संकट : मांदर गांव के 16 घरों की उड़ी छत, मक्का औरसब्जी की फसल को नुकसान**

# 5 दिन से अंधेरे में कई गांव, बिजली बंद होने से पानी की समस्या गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर









लोहंडीगुड़ा ब्लाक में पिछले सोमवार 22 अप्रैल को आए आंधी-तूफान से लगभग 2 दर्जन गांव में 5 दिन बाद भी अंधेरा छाया हुआ है। इन गांवों के मकानों की छत उड़ गई है, पेड़ और खंबे गिर गए हैं। खड़ी फसल को काफी नुकसान हुआ है। सबसे बड़ी समस्या पेयजल की निर्मित हुई है। बिजली नहीं होने से पम्प बंद है, इसलिए कई गांव में एक हैण्डपम्प के सहारे पूरे गांव के लोगों की प्यास बुझ रही है। भीषण गर्मी में लोग हलाकान है। यहां तक कि मोबाइल चार्ज करने के लिए ब्लाक मुख्यालय उसरीबेड़ा जाना पड़ रहा है। बिजली विभाग ने ब्लाक मुख्यालय में बिजली सेवा बहाल की है लेकिन अन्य गांव में अभी तक बिजली कर्मचारी पहुंच ही नहीं पाए हैं। लोगों में इस बात का भी गुस्सा है कि 5 दिन से 20 गांव के लोग अंधेरे में रहकर परेशानी में है लेकिन विधायक इस इलाके में अभी तक नहीं आये है। हरिभूमि ने बिजली बंद से प्रभावित गांव के सरपंचऔर प्रमुख लोगों से चर्चा की। ब्लाक मुख्यालय के समीप के पंचायत बड़ेधाराउर जहां सबसे बड़ा बाजार भरता है वहां भी 5 दिन से बिजली नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता गुन्नूसिंह ठाकुर ने बताया कि 4 हजार की जनसंख्या वाले इस बड़े गांव में 16 घरों को नुकसान हुआ है। कई मकानों की छत उड़ गई है। 15-20 मिनट ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ बिजली बहाल करने गांव नहीं पहुंचे हैं अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि फॉलोअप

**7 पारा के 17 सौ लोग अंधेरे में**

ग्राम एरमुर के सरपंच मंगलु कश्यप ने बताया कि धुरवापारा के ग्रामीण संतुराम मंडावी के घर का छत उड़ गया। इस गांव के 7 पारा में रहने वाले 17 सौ लोगों को 5 दिन से बिजली के बिना अंधेरे में दिन-रात गुजारना पड़ रहा है। बिजली विभाग में कर्मचारियों की कमी है इसलिए अभी तक बिजली बहाल करने कोई भी नहीं पहुंचा। 5 दिन से लोग मुसीबत में हैं, लेकिन मुख्यालय के बड़े अधिकारी और जनप्रतिनिधि यहां बिजली विभाग के अधिकारियों को भेजकर काम की गति तेज नहीं कर रहे हैं। पूछने पर कब आएगा लाइट इस पर सही जबाव भी नहीं दे रहे हैं।

**3 एकड़ धान की फसल पूरा बर्बाद**

ग्राम पंचायत नेगानार के पंच सीताराम मंडावी ने बताया कि 18 घर के छत उड़ गए हैं। एक आश्रित ग्राम इरिकपाल के साथ दोनों गांव की जनसंख्या 1750 है। आंधी-तूफान से किसान मंगल ठाकुर का धान का फसल पूरा बर्बाद हो गया। फसल पककर तैयार हो गया था। कटाई की स्थिति में आ गया था। लेकिन तूफान से फसल का पूरी धान बाली झड़ गई। पटवारी आकर सर्वे कर नुकसान का आंकलन करके गए हैं।

## नवीन शिक्षा सत्र के लिए डिजी दुनिया योजना की तैयारियां शुरू


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

DigiDuniya

आगामी शिक्षा सत्र के लिये कोण्डागांव में तैयारियां आरम्भ हो गयी हैं। इसी क्रम में कोण्डागांव में डिजी दुनिया योजना के लिये प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गयी है। शासनस्तर से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के समस्त प्राचार्यों व संस्था प्रभारियों ने जानकारी एकत्रित की जा रही है। बता दें पूरे प्रदेश में डिजी दुनिया योजना 4669 विद्यालयों में संचालित हैं। कोण्डागांव जिले में योजना के तहत 32 विद्यालयों में आईसीटी लैब व 116 स्कूलों में स्मार्ट क्लास के साथ संचालित हो रहे हैं, जिसका लाभ जिले के विद्यार्थियों को मिल रहा है। आगामी सत्र के सुचारू रूप से संचालन के लिए आईसीटी लैब व स्मार्ट क्लास की व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने के लिये योजना के लिये जरूरी संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। शिक्षण संस्थाओं से यह जानकारी ली जा रही है कि इस व्यवस्था में लगने वाले हार्डवेयर पूरी तरह से ठीक है या चोरी क्षतिग्रस्त तो नहीं हो गए हैं। अगर किसी तरह की दिक्कत है तो समय रहते जानकारी दे दी जाए, जिससे विभाग इन कमियों का समाधान कर सके।

■ 32 विद्यालयों में आईसीटी लैब व 116 स्कूलों में स्मार्ट क्लास के साथ संचालन

### ऑनलाइन विज्ञान क्विज में नीलिमा व दीक्षा ने मारी बाजी




**कोण्डागांव।** ऑनलाइन जिलास्तरीय विज्ञान क्विज में परिणाम आ गए हैं। जिसमें हायर सेकेण्डरी स्तर पर नीलिमा साहू फरसगांव ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी श्रेणी में दूसरे स्थान पर बड़े राजपुर के मयंक सिन्हा रहे हैं। और तीसरे स्थान पर श्रद्धा बघेल अरण्डी ने कब्जा जमाया है। इसी तरह से हाईस्कूल स्तर पर इस ऑनलाइन स्पर्धा में दीक्षा नेताम ग्राम चिचाडी ने अव्वल स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल स्तर पर ही दूसरे स्थान पर लेमन कुमार ग्राम कोटपाड रहे है। तीसरा स्थान कु युक्ति फरसगांव की रही हैं। इसी क्रम में मिडिल स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान पर मनीष कोर्राम ग्ारम पतोडा, द्धितीय स्थान पर स्पेद दीवान भीमाभाटा रहे। इसी स्तर पर तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से अनुष्का व आयुश जवाहर नवोदय कोण्डागांव को मिला है।

*कांकेर लोकसभा सीट के निर्वाचन के दौरान पहुंचे*

## मतदान केंद्रों का कमिश्नर और आईजी ने किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का कमिश्नर श्याम धावड़े और आईजी सुंदरराज पी. ने निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के केशकाल विधानसभा के युवा मतदान केंद्र जैतपुरी, आदर्श संगवारी मतदान केंद्र गुलबापारा, चिखलाडीही मतदान केंद्र और खालेमुरवेंड मतदान केंद्र का निरीक्षण किए। उन्होंने युवा और आदर्श मतदान केंद्रों को बस्तर की संस्कृति की थीम पर सजावट करने के लिए सराहना की। साथ ही मतदान केंद्रों में मतदान दलों से मतदान प्रतिशत का संज्ञान लेकर मतदाताओं की आवश्यक सुविधा एवं अन्य व्यवस्था का भी निरीक्षण किए। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, कमिश्नर के निज सहायक हरेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पिकनिक मनाने गया राजनादंगांव का युवक शबरी में डूबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजनांदगांव का युवक कुछ दोस्तों के साथ घूमने के लिए जगदलपुर आया था। जहां घूमने के दौरान नगरनार थाना क्षेत्र के शबरी नदी में घूमने गए थे। नदी में नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने खोजबीन की लेकिन पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद से युवक की तलाश ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ एसडीआरएफ और पुलिस तलाश में जुटी

## युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



युवा मतदाता बढ़चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए नजर आएं। कांकेर विधानसभा के मावलीपारा के नए वोटरों ने मतदान केंद्र में 19 वर्षीय कृष्णा नेताम, रवींद्र कुमार शेष ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनका कहना था कि इस दिन का इंतजार था और आज हमें लोकतंत्र में शामिल होने का मौका मिला। 21 वर्षीय इंद्रजीत नेताम पिछले विधानसभा निर्वाचन में घर से बाहर होने के कारण मतदान नही कर पाया था, लेकिन इस बार अपने गांव आकर लोकसभा निर्वाचन में पहली बार मतदान किया। विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह कमार जनजाति के ग्राम मावलीपारा निवासी 25 वर्षीय युवा मतदाता लखन लाल मंडावी ने मतदान केन्द्र क्रमांक 221 पूर्व माध्यमिक शाला में पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मावलीपारा के ही युवा मतदाता 24 वर्षीय दामिनी साहू और 19 वर्षीय साधना मंडावी ने भी मतदान केन्द्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अंतागढ़ के उपरपारा मतदान केंद्र क्रमांक 188 में आज ऐसा ही एक उदाहरण देखने को मिला, जहां खुद की शादी से व्यस्ततम समय निकालकर युवती वोट देने पहुंची थी। रूपाली साहू पिता सदाराम साहू उम्र 26 वर्ष ने मेहंदी लगे हाथ से ईवीएम का बटन दबाया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**बाजार से महंगे दामों पर दवा खरीदने की मजबूरी, मरीज परेशान**

# बस्तर में टीबी के 650 मरीज, दो माह से दवा नहीं

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर



बस्तर में पिछले लगभग दो माह से टीबी मरीजों के लिए दवा की कमी बनी हुई है। इस गम्भीर समस्या को लेकर स्वास्थ्य विभाग दवा के लिए प्रयासरत हैं लेकिन प्रदेश भर में कही भी दवा उपलब्ध नहीं होने से विभाग के लिए परेशानी बनी है।नियमित दवा सेवन से मरीज स्वस्थ हो रहे हैं। लेकिन लंबे समय से दवा की अनुपलब्धता मरीज और उनके परिजनों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बस्तर जिले में टीबी के लगभग 650 मरीज उपचारार्थ है। मरीजों को समय से और नियमित दवा का सेवन नहीं होने से खतरा बना रहता है। बताया जा रहा है कि पूरे राज्य में दवा का स्टॉक नहीं है। जिले के एक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की माने तो पूरे देश मे टीबी दवा की कमी बनी है। हरिभूमि ने पड़ताल की तो चौंकाने वाला मामला सामने आया है। लोहंडीगुड़ा में 54 मरीज चिन्हित किए गए है,जिनका उपचार जारी है। इसी तरह बस्तर ब्लाक में 118 मरीज उपचारार्थ है। अन्य ब्लाक दरभा, किलेपाल, बकावंड, जगदलपुर और तोकापाल में भी टीबी मरीज है,जिनका इलाज चल रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मैत्री ने बताया टीबी के मरीजों को चार प्रकार के कॉम्बिनेशन वाली दवा दी जाती है। इनमें आईएनएच, रिफाइरिटीसीन, पारोजिमाइट सम्मलित है। जिले के सातों विकासखंड में दवा उपलब्धता को लेकर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करने पर सभी ने दवा उपलब्ध नहीं होने की पुष्टि की। लोहंडीगुड़ा के खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया ब्लाक में 54 मरीज है। पिछले लगभग एक माह से दवा की सप्लाई बंद है। बस्तर ब्लाक के खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया ब्लाक में 118 मरीज है। लेकिन पिछले एक-डेढ़ माह से दवा सप्लाई बंद है।

■ राज्य स्तर पर उपलब्धता नहीं होने से आपूर्ति रूकी

अलग खबर

**प्रयास किया जा रहा**

टीबी दवा पूरे प्रदेश में उपलब्धता की कमी है। शार्ट सप्लाई से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। जानकारी के मुताबिक जिन फार्मा कम्पनियों को दवा निर्माण की जवाबदारी है वो दवा नहीं बना रहे है। विभाग प्राइवेट सेक्टर से दवा का इंतजाम करने में प्रयासरत है। प्राइवेट सेक्टरों में भी दवा उपलब्धता की कमी है। 30 अप्रैल तक दवा उपलब्ध हो जाएगा।

-आरके चतुर्वेदी
सीएमएचओ बस्तर


**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### कार को ठोकने के बाद गाली-गलौज

**रायपुर।** पंडरी थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ उनकी कार का एक्सीडेंट करने के बाद गाली-गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लोधीपारा निवासी कृष्ण शर्मा ने कार सीजी 04 एचके 0592 के चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कृष्ण ने पुलिस को बताया है कि विधानसभा स्थित राम मनोहर लोहिया मार्ग पर जब वो अपनी कार से जा रहे थे। इसी दौरान उस नंबर के कार चालक ने उनकी कार को पीछे से ठोक दिया। कार को ठोकने के बाद उस कार के चालक ने कृष्ण के साथ गाली-गलौज की।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना में एक युवक ने दो अन्य लड़कों के खिलाफ शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लभांडी निवासी उमेश निषाद ने बलराम यादव तथा एक अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। उमेश ने पुलिस को बताया है कि बलराम तथा उसके साथी धनेश साहू ने उससे शराब पीने पैसों की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर दोनों लड़कों ने उसके साथ मारपीट की।

### गाली-गलौज कर नुकीली वस्तु से हमला

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ उसके साथ बगैर किसी कारण गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक कुरुद निवासी पुष्पेंद्र पटेल ने अभय मिर्चे के खिलाफ गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला करने कि शिकायत दर्ज कराई है। पुष्पेंद्र ने पुलिस को बताया है कि रास्ते में जाते समय अभय ने उसके साथ गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाई है।

### मजदूरी विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** विधानसभा थाना में मजदूरी विवाद पर दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बरौदा निवासी सुरेश विश्वकर्मा ने कृष्णकांत शर्मा तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेश ने पुलिस को बताया है कि वह कृष्णकांत के पास मजदूरी का पैसा मांगने के लिए गया था। इस बात से नाराज होकर कृष्णकांत तथा उसके साथियों ने सुरेश के साथ मारपीट की। कृष्णकांत ने सुरेश तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### चरित्रशंका पर पत्नी के साथ मारपीट

**रायपुर।** राखी थाना में एक महिला ने अपने पति तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राखी निवासी 35 वर्षीय महिला ने अपने पति लीलाधर लिलहरे तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसका पति उसके चरित्र को लेकर संदेह करता है, इसके कारण लीलाधर तथा उसके एक अन्य साथी ने महिला के साथ मारपीट की।

### प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री निष्कासित

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश संयुक्त महामंत्री राघवेंद्र सिंह ठाकुर को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश अनुसार राघवेंद्र सिंह ठाकुर को लोकसभा चुनाव में पार्टी संगठन के खिलाफ काम करने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है।

### कांग्रेस प्रवक्ता भिड़े वीडियो वायरल

**रायपुर।** प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के रायपुर रेलवे स्टेशन में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कांग्रेस के दो प्रवक्ता आपस में भिड़ गए। कैमरे में आने को लेकर प्रदेश संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला और विकास तिवारी के बीच विवाद की स्थिति बताई जाती है, इसका वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों नेताओं ने ऐसी किसी घटना से इनकार किया है।

---

*लोकसभा चुनाव- 2024: केशकाल में शांतिपूर्ण रूप से हुआ मतदान*

# संवेदनशील क्षेत्रों में भी सुबह से ही लोग पहुंचे मतदान केंद्र, लोगों में दिखा उत्साह








हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- 'संगवारी, आदर्श एवं युवा मतदान केंद्र बने आकर्षण का केंद्र'
- स्काउट गाइड एवं युवोदय कोंडानार चौंप्स ने किया मतदाताओं का सहयोग

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर संसदीय क्षेत्र के तहत कोण्डागांव जिला अंतर्गत आने वाले केशकाल विधानसभा में 26 अप्रैल को द्वितीय चरण का मतदान सम्पन्न कराया गया। इस मतदान के लिए लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला जहां शहरी क्षेत्रों से लेकर जिले के सीमावर्ती इलाके के संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुबह से ही कतारें लग गयी थी। दिव्यांगजन हो या वरिष्ठ नागरिक सभी उत्साह से भरे हुए दिखाई दिए। जिसका परिणाम है कि अपरान्ह 3 बजे तक पर्याप्त वोटिंग हो चुकी थी। अनन्तिम मतदान आंकड़ों के अनुसार मतदान 71.08 प्रतिशत रहा। मतदाताओं के बीच केशकाल के संगवारी, आदर्श, युवा प्रबंधित एवं दिव्यांग दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र आकर्षण



का केंद्र बने रहे। जहां विश्रामपुरी अ–2 मतदान केंद्र में जनजातीय परम्परा की लोकसंस्कृति की झलक दिखी तो वहीं गुलबापारा में जनजातीय लोकवाद्य यंत्रें जैसे मांदर, डाफला, तासा, तुमा, नगाड़े आदि से मतदान केंद्रों को सजाया गया था। बड़ेराजपुर विकासखण्ड के सरगीपाल का आकर्षक मतदान



केंद्र का फूल एवं ताड़ के पत्तों से सजा सेल्फी जोन लोगों को बरबस ही अपनी ओर सेल्फी लेने को प्रेरित कर रहा था। इसके अतिरिक्त सभी 5 आदर्श, 10 संगवारी, 5 युवा प्रबंधित तथा 1 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्रों को प्रकृति का रंग देते हुए ताड़, घास, छिन्द एवं अन्य प्राकृतिक वस्तुओं से सुंदरतम रूप से सजाया गया था। मतदान दिवस पर स्काउट गाइड एवं युवोदय कोंडानार चौंप्स युवा स्वयंसेवकों ने सराहनीय जज्बा देखने को मिला जहां हर मतदान केंद्र में उपस्थित रहकर स्वयंसेवकों ने मतदान केंद्र आने वाले मतदाताओं की सहायता करने के साथ वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगोंको व्हीलचेयर के द्वारा मतदान केंद्रों तक पहुंचाया।

### '172 मतदाता रथ द्वारा 1380 वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगों को पहुंचाया गया मतदान केंद्र'

मतदान दिवस पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केंद्रों तक लाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 172 मतदान रथों का संचालन जिले में किया गया था। जिसके माध्यम से 1380 लोगों को मतदान केंद्र तक लाने में सहायता की गई। जिसमें केशकाल जनपद में 69, बडेराजपुर जनपद में 27, फरसगांव जनपदव में 73 एवं नगर पंचायत केशकाल में 3 मतदान रथ बनाये गए थे। मतदान केंद्र आने में असक्त मतदाताओं की सहायता स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों द्वारा भी की गई।

### राज्यसभा सांसद ने किया मतदान



**फरसगांव।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान का समय निर्वाचन आयोग द्वारा 26 अप्रैल सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक तय किया गया है। जिसमें मतदाता अपने मतदान केंद्र में पहुंच लंबी लाइन लगाकर खड़े होकर अपना अपना मतदान किया हैं। वहीं छत्तीसगढ़ राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने भी फरसगांव नगर में प्राथमिक शाला बाजारपारा स्कूल में बने मतदान केंद्र पहुंचकर अपना मतदान किया, जहां उनके साथ उनके परिजनों ने भी वोट डाला। वहीं राज्यसभा सांसद ने कहा कि अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान किया है और लोकतंत्र का हिस्सा बनी हूं। वही मीडिया से चर्चा में कहा कि छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में 6 सीट पर कांग्रेस का कब्जा होगा और जीत कर आएगी।

---

# 51 लाख राम नाम जमा करने के लक्ष्य के साथ खुला हनुमंत बैंक

**शिव चौक के ब्रम्ह चबूतरा स्थित पंचमुखी हनुमंत धाम के बच्चों की पहल**

**लक्ष्य पूरा होने के बाद अयोध्या जाकर राम नाम अर्पित करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्थानीय शिव चौक के ब्रम्ह चबूतरा स्थित पंचमुखी हनुमंत धाम हनुमान मंदिर में बाल हनुमान समिति के बच्चों ने राम नाम जमा करने हनुमंत बैंक खोला है। हनुमान चालीसा का पाठ करते 23 अप्रैल को एक वर्ष होने के अवसर पर यह पहल की गई है। वर्ष 2025 के हनुमान जन्मोत्सव तक वर्ष भर में 51 लाख राम नाम जमा करने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य पूरा होने के बाद समिति के सदस्य अयोध्या के प्रभु श्री राम के मंदिर में पहुंचकर 51 लाख राम नाम अर्पित करेंगे।

हनुमंत बैंक में रुपये, पैसे या दान जमा नहीं होंगे। यहां केवल राम नाम जमा लिया जाएगा। बाल हनुमान समिति की सबसे कम आयु के सदस्य अन्वी मिश्रा ढाई वर्ष, अनन्या यादव तीन वर्ष, चंचल यादव, अहान बख्तानी दोनों चार वर्ष ने फीता काटकर बैंक का शुभारंभ किया। छोटे बच्चों ने पेपर में अपनी क्षमता के अनुसार राम का नाम लिखकर जमा किया।

बैंक सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शनिवार को शाम छह से आठ बजे तक राम नाम जमा करने के लिए खुला रहेगा। ये दो दिन बाल हनुमान समिति के सदस्य पंचमुखी हनुमत धाम में एकत्रित होकर 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं।



**101 राम नाम के साथ कोई भी खाता खुलवा सकता है**

बाल हनुमान समिति के संजू नागवानी एवं मयंक यादव ने बताया कि किसी भी आयु का कोई भी व्यक्ति 101 बार राम राम नाम सादे कागज पर लिखकर बैंक में अपना खाता खुलवा सकता है। समिति द्वारा राम नाम लिखने हेतु प्रारूप भी बनवाया गया है, जिसका वितरण आसपास के मोहल्लों में किया गया। हनुमंत बैंक में पैसा, दान या कोई भी चीज नहीं ली जाती, केवल राम नाम जमा होता है। खाता खुलवाने के बाद 101 राम नाम से लेकर अधिकतम अपने सामर्थ्य के अनुसार राम नाम लिखकर तय दो दिन में समय पर पहुंचकर राम नाम जमा करवा सकते हैं।

---

# जिले में 10 हजार परिवार में गायत्री महायज्ञ का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- गायत्री परिवार का गृहे-गृहे यज्ञ अभियान



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा विश्व कल्याण के साथ अनीति एवं अत्याचार निवारण, लोगों में आपसी प्रेम, सद्भावना बढ़ाने एवं खुशहाल जीवन के लिए प्रतिवर्ष बुद्ध जयंती पर गृहे -गृहे यज्ञ अभियान का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी जिले के धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा ब्लाक में 10 हजार परिवारों में गायत्री यज्ञ कराने का लक्ष्य रखा गया है।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि सन 2018 से संचालित इस अभियान के अंतर्गत अभी तक जिले के 45 हजार से अधिक परिवारों में यज्ञ कराया जा चुका है। यह अभियान अभी माताजी के जन्म शताब्दी समारोह 2026 तक जारी रहेगा। जिले के 10 हजार परिवारों में यज्ञ कराना है।

प्रत्येक ब्लाक के लिए दो दो हजार एवं प्रत्येक इकाई के लिए दो दो सौ परिवार का लक्ष्य रखा गया है। शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा तैयार की गई जिले के 500 परिजनों की टोलियां अपने सहयोगियों के साथ घर घर पहुंच कर यज्ञ संपन्न करायेंगी।

---

# ब्राम्हण महिला मंच ने किया मठा का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के विभिन्न मंदिरों में हनुमान जयंती पूरी आस्था के साथ मनाई गई। जगह-जगह प्रसादी वितरण करने भण्डारे का भी आयोजन किया गया। इसी क्रम में कचहरी चौक के समीप स्थित हनुमान गढ़ी में ब्राम्हण महिला मंच के तत्वाधान में गर्मी से राहत देने की पहल करते हुए मठा का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला मंच की जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा, संयोजक प्रभा मिश्रा, एनी मिश्रा, आयुषी पाण्डेय, मीनाक्षी मिश्रा, सीमा चौबे, सरिता मिश्रा, गौरी मिश्रा, सपना पाण्डेय, झंकार शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



---



# ज्ञान अमृत स्कूल का रिजल्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ज्ञान अमृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 6वीं में प्रथम पूर्वा नाग, द्वितीय दिव्या रिगरी, तृतीय डिम्पी सपहा रहे। कक्षा 7वीं में प्रथम अष्ठी देवांगन, द्वितीय पलक साहू, तृतीय चांदनी पटेल रहे। कक्षा 8वीं में प्रथम चंचल पटेल, द्वितीय नोमिता निर्मलकर, तृतीय नैनसी ढीमर रहे। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 66.66 प्रतिशत एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में प्रथम दीक्षा जगताप, द्वितीय काजल पटेल , तृतीय अनुशा यादव एवं कक्षा 11वीं में प्रथम कुशाल साहू, द्वितीय भूमिका जैन मीनाक्षी निषाद तृतीय रहे। इस अवसर पर प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि मेहनत करने वाले कभी असफल नहीं होते। आगे भी ज्यादा मेहनत कर अपने रिजल्ट में सुधार करने का प्रयास करें। उपप्राचार्य जगदीश सोनी ने कहा कि जो छात्र किसी कारणवश असफल हो गए हैं। उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। आने वाले समय में और अधिक परिश्रम करके सफलता अर्जित की जा सकती है। मौके पर अफजल रिजवी, राजेन्द्र साहू, अभिलाषा चौहान, कोशलेश्वरी दुबे, नेहा पदमवार, संतोषी वर्मा, लक्ष्मी देवांगन, भावना कहार उपस्थित थे।

---

# सहायक बांधों पर आश्रित हुआ गंगरेल बांध

**परियोजना के बांधों में 14 फीसदी उपयोगी पानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बारिश के मौसम को अभी दो माह है। गांवों में निस्तारी के लिए तालाब में पानी भरने के बाद परियोजना के बांधों में महज 14 फीसदी पानी शेष है। गंगरेल बांध अब पानी के लिए तरस रहा है। इस बांध में पानी की आपूर्ति माड़मसिल्ली तथा दुधावा से की जा रही है।

बुधवार की स्थिति में गंगरेल बांध में उपयोगी पानी 4.111 टीएमसी था। विगत 3 सप्ताह से निस्तारी के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। अब तक गांवों के 350 तालाब भरे गए हैं। अब महानदी मुख्य नहर की वितरक शाखाओं में पानी सप्लाई बंद कर दी गई है। रूद्री से धमतरी शहर के लिए पहुंचने वाली वितरक नाली का पानी बंद हो गया है। इससे हरफतरई से बठेना, रत्नाबांधा, मुजगहन की ओर जाने वाली नहर में पानी सप्लाई बंद है। बांध से 3062 क्यूसेक पानी मुख्य नहर में निस्तारी एवं निगम को पेयजल के लिए छोड़ा जा रहा है।




**सोंढूर से दुधावा, दुधावा से गंगरेल लाया जा रहा है पानी**

बीते वर्षा काल में कम बारिश के कारण माड़मसिल्ली बांध आधा ही भर पाया था। गंगरेल बांध में पानी की आवश्यकता को देखते हुए माड़मसिल्ली बांध का पानी गंगरेल पहुंचाया गया। माड़मसिल्ली में अब महज 0.700 टीएमसी पानी शेष रह गया है। इसके बाद सोंढूर बांध का पानी दुधावा पहुंचाया जा रहा है। अब सोंढूर बांध में 1.815 टीएमसी पानी बचा है। दुधावा बांध का पानी गंगरेल लाया जा रहा है। दुधावा में 1.655 टीएमसी पानी है। गंगरेल में पानी की आवक और निस्तारी पानी देने से 4.111 टीएमसी पानी मौजूद है। सोंढूर से 894 क्यूसेक पानी दुधावा तथा दुधावा से 730 क्यूसेक पानी गंगरेल पहुंच रहा है। अधिकारियों के अनुसार सहायक बांधों से 5 टीएमसी पानी गंगरेल लाया जा रहा है।

---

## पेज 9 के शेष

### 5 दिन से अंधेरे में कई गांव, बिजली...

के चक्रवात तूफान ने पूरे इलाके को तहस-नहस कर दिया है। संभाग मुख्यालय के समीप के पर्यटन क्षेत्र के ब्लाक लोहंडीगुड़ा में 5 दिन से बिजली बंद होने से लोग मुसीबत में है, लेकिन बिजली कर्मचारी और जिम्मेदार लोग अभी तक पहुंचे नहीं है। लोगों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं मांदर गांव के सरपंच के पति भाजपा नेता मंगतू कश्यप ने बताया कि 3 हजार की आबादी वाले इस गांव में 270 मकान है। जिनमें से 16 मकानों के छत उड़ गए हैं, वहीं मक्का और साग-सब्जी फसल बर्बाद हुई है। उन्होंने बताया कि इस गांव में नलजल योजना चालू नहीं है। 10 पम्प के जरिए पूरे गांव में पानी की सप्लाई होती है, लेकिन बिजली 5 दिन से नहीं होने से पम्प बंद है। इसलिए एक बोरिंग से पूरे गांव के लोगों को पानीमिल रहा है। वहीं गर्मी में टेलीविजन भी बंद है। भीषण गर्मी के कारण दिन और रात में ग्रामीण अंधेरे में बैठकर रतजगा कर रहे हैं।दो दिन पहले गावं में एक शादी थी, जिसके लिए दूसरे गांव नेगीरास से जनरेटर लाकर शादी कराया गया। मौके का फायदा उठाते जनरेटर का पैसा डबल वसूला गया।

### पिकनिक मनाने गया...

की जा रही है। मामले के बारे में जानकारी देते हुए नगरनार थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान ने बताया कि राजनादगांव निवासी अभिषेक उतकेल 27 वर्ष अपने दोस्तों के साथ जगदलपुर घूमने के लिए आया हुआ था, चित्रकोट जाने के बाद अपने दोस्तों के साथ नगरनार क्षेत्र के शबरी नदी पहुंचे, जहां गुरुवार की शाम को अभिषेक अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने के लिए उतर गया। नहाने के दौरान अभिषेक गहरे पानी में चला गया, जिसके बाद दोस्तों ने उसकी खोजबीन किया लेकिन कुछ भी पता नहीं चलने पर नगरनार पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंचने के साथ ही एसडीआरएफ टीम के सेनानी एस मार्बल को सूचना दी गई जहां दूसरे दिन शुक्रवार को भी युवक के बारे में जानकारी नही मिली है।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल बैस ने किया ब्रोशर का विमोचन

**रायपुर।** लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार प्रसिद्ध कवि एवं कथावाचक कुमार विश्वास के अपने-अपने राम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के ब्रोशर का विमोचन महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने अपने निवास रविनगर में बुधवार को किया। इसी दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने राज्यपाल श्री बैस को इस आयोजन के लिए न्योता भी दिया। ब्रोशर विमोचन कार्यक्रम में मनमोहन सिंह चावला, जय दुबे, लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव के अध्यक्ष सुभाष राठी, द्वारका साहू, रायपुर होम्स के संरक्षक मनीष राज सिंघानिया, उमेश राठी, डॉ. नीता शर्मा, नरेंद्र, सुदीप श्रीवास्तव, रूबी श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

### निर्वाचन सीईओ के घर पहुंचाई मतदाता पर्ची



**रायपुर।** घर-घर मतदान पर्ची वितरण के तहत जिला प्रशासन के अधिकारी गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले के निवास पहुंचे और उन्हें मतदाता पर्ची का वितरण किया।

### आयुर्वेद कॉलेज ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**रायपुर।** श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक किया। इसी दौरान छात्रों ने पोस्टर, फ्लैक्स एवं जागरूकता व्याख्यान के माध्यम से डगनिया बाजार एवं सुंदरनगर बस्ती के नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया और आगामी 7 मई को मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस अभियान में कॉलेज की प्राध्यापक डॉ. आराधना कंडे, डॉ. कुलदीप साहू, डॉ. खरांजलि जांगड़े, डॉ. मनीष पटेल एवं डॉ. खुशबू कारटे तथा महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डॉ. कमलेश का शदाणी दरबार में हुआ सम्मान



**रायपुर।** शदाणी दरबार में प्रथम सतगुरु संत शदाराम साहिब के जन्मोत्सव के अवसर पर संत डॉ. युधिष्ठिर लाल ने मैट्स यूनिवर्सिटी के कला एवं मानविकी अध्ययनशाला के सह प्राध्यापक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमलेश गोगिया को उनके उत्कृष्ट लेखन कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर इस्कॉन टेम्पल, वृंदावन के प्रसिद्ध गीता प्रवचक स्वामी सार्वभूमा महाराज ने भी सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

### प्रगति नगर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के तत्वावधान में प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी भवन में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बाजे-गाजे एवं हनुमान जी के झंडों के साथ भजन गाते बजाते हुए आकर्षक शोभा यात्रा निकाली गईं। इस अवसर पर गदाधारी हनुमान जी के रूप में वाहन में सवार बालक लक्ष्य देवांगन आकर्षण का केंद्र रहा। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन की अगुवाई में हनुमान जी की विशेष पूजा एवं महाआरती की गई। उपस्थित महिलाओं ने अपने घरों से लाए दीयों से सजी आरती की थालियों से आरती की। हनुमान जी, श्री राम एवं माता परमेश्वरी की जयकारा से आकाश गुंजायमान होते रहा।

# प्रौढ़ों को पढ़ाने में नहीं है छात्रों की दिलचस्पी, बोनस के रूप में मिलने थे 10 अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रौढ़ों को पढ़ाने में छात्रों में किसी तरह की दिलचस्पी नहीं है। साक्षरता अभियान के अंतर्गत व्यस्कों तथा बुजुर्गों को साक्षर बनाया जाता है तथा उन्हें लिखना-पढ़ना सिखाया जाता है। इसके लिए स्वयंसेवी शिक्षकों की मदद ली जाती है। शाला शिक्षकों से लेकर कोई भी व्यक्ति जो पढ़ना-लिखना जानता हो, वो स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में सेवा दे सकता है। स्कूली विद्यार्थी भी इस अभियान से जुड़ सकें और वे व्यस्कों को पढ़ाने के लिए प्रेरित हों, इसलिए बोनस अंक का प्रावधान किया गया था।

इस योजना के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने कम से कम एक व्यस्क को साक्षर किया हो, उन्हें दस अंक बोनस के रूप में दिए जाने थे। एक भी विद्यार्थी इसका हिस्सा नहीं बने। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जब इस योजना के अंतर्गत बोनस प्राप्त करने के लिए योग्य छात्रों की जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय से मांगी गई तब सूची में इस कैटेगरी के आगे संख्या अप्राप्त प्रदर्शित की गई। बाद में साक्षरता मिशन का संचालन करने वाले राज्य साक्षरता मिशन से अधिकारियों द्वारा बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि इसके लिए किसी भी छात्र ने आवेदन ही नहीं किया है।

### एक भी दावेदार नहीं

- माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार दसवीं-बारहवीं के 2 हजार 239 छात्रों को देगा बोनस अंक
- साक्षरता अभियान के लिए छात्रों को जागरूक करने शुरू की गई थी पहल



### टॉपर लिस्ट बोनस अंक के बगैर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष भी बोनस अंक के बगैर ही टॉपर्स लिस्ट जारी की जाएगी। छात्रों की अंकसूची में इसका जिक्र होगा तथ कुल अंकों में बोनस अंक भी जोड़े जाएंगे। लेकिन मेरिट लिस्ट निकालते वक्त बोनस अंकों की गणना नहीं होगी। माशिम द्वारा कुछ वर्ष पूर्व नियम में बदलाव किया गया था। इसे वर्तमान सत्र में भी जारी रखा जाएगा।

### सर्वाधिक छात्र खेल वाले

माशिम द्वारा दसवीं-बारहवीं में विभिन्न वर्गों में छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं। बोनस प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सर्वाधिक संख्या खिलाड़ी छात्रों की है। 10वीं के 563 तथा 12वीं के 860 खिलाड़ी छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा दसवीं में स्काउट-गाइड के 510 तथा बारहवीं में 236 छात्र हैं, जिन्हें बोनस दिए जाएंगे। विद्याभारती के अंतर्गत 10वीं के 5 और 12वीं के 14 छात्रों को बोनस मिलेंगे। खेल एवं युवा कल्याण के अंतर्गत दसवीं के 30 और बारहवीं के 21 छात्रों को मौजूदा सत्र में बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से दोनों कक्षाओं को मिलाकर 2 हजार 239 छात्रों को बोनस अंक मंडल प्रदान करेगा।

## बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा वार्ड की सड़कों की जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

# उखड़ी सड़कों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी निगम को मुख्य मार्ग बनाने नहीं मिला फंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जून में बारिश की दस्तक होते ही बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा, अछोली और उरला वार्ड में लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है, क्योंकि सपोर्टिंग सड़कों की सुध बिरगांव निगम के जिम्मेदार नहीं ले रहे हैं। पाइप लाइन के लिए पुरानी सड़कों को खोदने से मेंटेनेंस भी बेअसर है। सीमेंटेड करने के बाद भी सड़कों का हाल-बे हाल है। फरवरी में 12 मुख्य मार्गों को बनाने के लिए 5 करोड़ के प्रस्ताव को भेजा गया, इसे अभी मंजूरी भी नहीं मिली है।

बिरगांव निगम के 40 वार्डों में खारुन नदी जल आवर्धन योजना के तहत 104 करोड़ का प्रोजेक्ट खत्म होने की स्थिति में है। इसके कारण खोदी गई सड़कों का बुरा हाल है। ट्रांसपोर्ट नगर से रावांभाठा होते हुए निमोरा आने-जाने वाले लोगों के लिए बस्ती में बनवाई गई सड़क पाइप लाइन की भेंट चढ़ गई है। इसी तरह ईएसआईसी अस्पताल से सटी बस्तियों में भी सड़कें उखड़ी, टूटी हैं। उरकुरा में नई पानी टंकी क्षेत्र का मुख्य मार्ग बारिश में इस बार भी लोगों के लिए परेशानी की वजह बनने वाला है। नए बसाहट वाले इलाके में बुरा हाल है। वार्ड प्रतिनिधियों ने लोगों की इस परेशानी को देखते हुए कई बार सर्वे भी करवाया, लेकिन सुविधा नहीं मिलने से 3 हजार से ज्यादा परिवारों की परेशानी बारिश शुरू होने से दोगुनी होने वाली है। इसे देखते हुए सड़क व नाली बनवाने के लिए पार्षद भी दबाव बना रहे हैं।

### 12 मुख्य मार्गों का प्रोजेक्ट अटका

इधर निगम के जिम्मेदारों ने 12 मुख्य मार्गों का डामरीकरण कराने के लिए फरवरी 2024 में प्रस्ताव भेजा है, ताकि दूसरे क्रम में मुख्य मार्गों का निर्माण करवाया जा सके। अभी तक रावांभाठा, उरला, बिरगांव, सरोरा, अछोली में सड़क बनवाने के लिए शासन से बजट भी नहीं मिला है। इससे जून में शुरु होने वाली इस बारिश में लोगों को परेशानी कम होने वाली नहीं है। नई बसाहट वाली आबादी के बीच आने-जाने के लिए सड़क भी कच्ची है। मलबा डालने से अभी आवा-जाही हो रही, बारिश में गाड़ियां फंसती हैं।





### सड़कें ही नहीं, नालियां भी बेकार

बिरगांव निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि रावांभाठा, उरकुरा ,उरला और अछोली में मुख्य मार्गों को छोड़कर बस्तियों को जोड़ने वाली ज्यादातर सड़कें भी उखड़ चुकी हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों को रात ही नहीं, दिन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सभी वार्डों में वनवे सड़कों का बुरा हाल है। छोटी गाड़ियों की आवाजाही बारिश के दिनों में प्रभावित होती है। प्रतिनिधियों से भी मामले में शिकायत मिल रही है। चुनाव खत्म होने के बाद मामले को लेकर जिम्मेदारों से जवाब मांगा जाएगा।

### समीक्षा के बाद बता पाएंगे

अभी उन्हीं सड़कों और नालियों का निर्माण किया जा रहा, जो पहले फेज के प्रोजेक्ट में शामिल हैं। दूसरे क्रम में 12 मुख्य मार्गों को बनवाने के लिए शासन को प्रस्ताव गया है। मंजूरी के बाद प्रोसेस करेंगे। पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा के बाद ही कितना काम हुआ है, बता पाउंगा।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा नहीं

सूत्रों ने बताया कि 2023 में 76 स्थानों पर छोटी नालियों की कनेक्टिविटी व बस्तियों में 100-200 मीटर लंबी सड़क बनाने के लिए शासन ने 7 करोड़ 47 लाख की मंजूरी दी। इससे जिम्मेदारों ने काम शुरु करवाया है। अभी तक वार्डों में कितने स्पाट पर काम पूरा हो चुका है, इसकी समीक्षा जिम्मेदारों ने नहीं की है। इससे निर्माण एजेंसियों द्वारा भी चुनावी आचार संहिता को देखते हुए निर्माण के लिए आधे मैन पावर का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। निगम के जिम्मेदार चुनाव के बाद समीक्षा बैठक करने की दलील दे रहे हैं।

# मिक्स कचरा देने वालों की खैर नहीं, सख्त हुआ ननि




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम ने स्वच्छता को लेकर सख्त रवैया अपनाया है। बार -बार समझाईश के बाद भी मिक्स कचरा देने वाले स्वच्छता के दुश्मन का नाम अब सार्वजनिक किया जाएगा। यही नहीं उनके घरों से निगम के कर्मचारी कचरा लेना बंद भी कर देंगे। यह फरमान गुरुवार को निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने जारी की है। निगम आयुक्त ने ऐसे घरों को सूचीबद्ध करने निर्देश दिए है जो मिक्स कचरा दे रहे है। तैयार सूची का प्रकाशन सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता के दुश्मन के नाम से किया जाएगा। सूची के आधार पर नाम वाला फ्लैक्स तैयार किया जाएगा।

आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए है कि अंतिम चेतावनी के बाद सुधार नहीं होने पर उस घर से निगम कर्मचारी कचरा लेना बंद कर दें। गीला व सूखा कचरा अलग अलग देने पर ही कर्मचारी संग्रहण कार्य को नियमित करे।उल्लेखनीय है कि रिहायसी क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे को पूर्ण रूप से डिस्पोज करने रिसाली निगम पिछले दिनों से अभियान चला रही है। लोगों को गीला व सूखा कचरा अलग अलग देने अपील कर रहे है। खास बात यह है कि रिसाली निगम के 70 से भी ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी अभियान में लगे है। सूखा व गीला कचरा अलग अलग रखने अपील कर रहे है। शुक्रवार से कचरा संग्रहण कार्य में लगे 64 कर्मचारी सूची बनाने का कार्य करेंगे।

# मोबाइल, शराब, विचारधारा में टकराव से टूटने की कगार पर पहुंचे परिवार को परामर्श केंद्र ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अपराध रोकने में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस की रहती है, वही पुलिस परिवार को टूटने से बचाने का भी काम करती है। पुलिस की महिला इकाई ने परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से कई परिवारों को टूटने से बचाने का काम किया है। परिवार परामर्श केंद्र में चार माह के भीतर पांच सौ शिकायतें पहुंची हैं। उन शिकायतों में से 135 का निराकरण कर परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाने का काम किया है।

गौरतलब है कि एसएसपी संतोष सिंह ने पति-पत्नी से संबंधित विवाद जिसमें महिला को किसी तरह से गंभीर नुकसान नहीं हुआ है। साथ ही पारिवारिक विवाद को बेहद ही संजीदगी से सुलझाने के निर्देश दिए हैं। इन्वेस्टिगेशन यूनिट्स ऑफ क्राइम अगेंस्ट वूमेन (आईएसीयूडब्लू) की एएसपी ममता देवांगन तथा उनकी टीम के दावों के मुताबिक कई मामले ऐसे होते हैं, जिसे परिवार परामर्श केंद्र में पहली ही सुनवाई में ही निपटा लिया जाता है। साथ ही संबंधितों को परिवार परामर्श केंद्र से जुड़े लोगों का नंबर दिया जाता है, भविष्य में विवाद की स्थिति निर्मित होने पर मदद मांग सके।



- जनवरी से लेकर अब तक पांच सौ शिकायतों में से 135 का निराकरण
- परिवार परामर्श केंद्र में ज्यादातर शिकायतें मोबाइल में बात करने से लेकर शराब सेवन, विचारधारा में टकराव
- परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाने का काम किया

### परिवार को मिलाने के बाद भी संपर्क में रहते हैं

महिला अफसर के मुताबिक परिवार को टूटने से बचाने के बाद उनकी जिम्मेदारी वहीं समाप्त नहीं होती। परिवार को मिलाने के बाद महिला पुलिस की टीम तथा परिवार परामर्श केंद्र से जुड़े लोग समय-समय पर परिवार के लोगों को कॉल कर उनके हालचाल के बारे में जानकारी लेते रहते हैं। साथ ही उन्हें समय आने पर उचित सलाह के साथ मार्गदर्शन देने का काम करते हैं।

### मोबाइल, शराब से टूट रहे परिवार

महिला अफसर के मुताबिक महिला थाने में ज्यादातर मामले पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करने से लेकर मोबाइल में बातचीत करने को लेकर विवाद होने की ज्यादातर शिकायतें आती हैं। ऐसे में परिवार को टूटने से बचाने के लिए परिवार परामर्श केंद्र परिवार को टूटने से बचाने के लिए हर संभव कोशिश करता है। इसके लिए परिवार के लोगों की दो से तीन बार काउंसिलिंग कर उन्हें मिलवाने का काम करती है। महिला अफसर के मुताबिक चरित्र शंका को लेकर पत्नी के साथ मारपीट तथा पति के चरित्र शंका को लेकर भी महिलाएं शिकायत लेकर थाने पहुंचती हैं। महिला अफसर के अनुसार विचारों के टकराव को लेकर भी शिकायतें आती हैं।

# बार लायसेंस, मुद्रांक शुल्क के 100 करोड़ रुपए बकाया

- 2017-18 का मुद्रांक शुल्क निगम को अब तक नहीं मिला, चार साल से भेज रहे रिमाइंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम को राज्य शासन से बार लायसेंस और मुद्रांक शुल्क के रूप में 100 करोड़ की राशि अब तक नहीं मिली। इसमें वर्ष 2017-18 का 45 करोड़ 44 लाख का मुद्रांक शुल्क शामिल है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक को बकाया राशि के भुगतान के लिए पत्र लिखा है। नगर निगम को शासन से 100 करोड़ बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से निगम से संबंधित अति आवश्यक लंबित देयकों के भुगतान में दिक्कत आ रही है। सूत्रों के मुताबिक साल 2023-24 में बार लायसेंस की राशि 12 करोड़ 86 लाख रुपए नगर निगम को शासन से मिलना था जिसमें से अब तक केवल 1 करोड़ 44 लाख रुपये का भुगतान नगरीय प्रशासन संचालनालय से मिल पाया। 11 करोड़ 42 लाख रुपये का भुगतान लंबित है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला पंजीयक कार्यालय के माध्यम से कराई गई रजिस्ट्री का 1 फीसदी राशि 52 करोड़ 65 लाख रुपये में से 6 करोड़ 16 लाख 84 हजार रुपये संचालनालय से प्राप्त हुई। जबकि 46 करोड़ से अधिक की राशि अप्राप्त है।



*5 साल से लंबित मुद्रांक शुल्क के 45 करोड़ : नगर निगम के हिस्से के मुद्रांक शुल्क की 45 करोड़ की एकमुश्त राशि नगरीय प्रशासन विभाग से रायपुर नगर निगम को अब तक नहीं मिली। वर्ष 2017-18 के वित्तीय वर्ष में हुई रजिस्ट्री का 1 प्रतिशत राशि निगम को मुद्रांक शुल्क के रूप में मिलना है, यह राशि 45 करोड़ से भी अधिक है। इसके भुगतान के लिए निगम के अधिकारियों ने पिछले 5 साल में 7 बार अलग-अलग तारीख में संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र लिखकर लंबित राशि के भुगतान की ओर ध्यान दिलाया, पर शासन स्तर पर भुगतान लंबित है।*

# फीडबैक लेने नागरिकों के पास पहुंचे कमिश्नर

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार की सुबह डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में नागरिकों के घर-घर जाकर गीला और सूखा कचरा उठाने के कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने नागरिकों से फीडबैक भी लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से मतदाता पर्ची के संबंध में भी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बूढ़ापारा स्थित सेकेंडरी कचरा कलेक्शन पॉइंट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट से सूखा और गीला कचरा सकरी कलेक्शन पॉइंट में अलग-अलग पहुंचाने 2 जेडएचओ नियुक्त करने के निर्देश दिए। मुख्यालय में तैनात जेडएचओ बरोन बंजारे और भूषण ठाकुर को इसकी जिम्मेदारी दी गई। दोनों को 5-5 जोन का काम हर दिन देखने तथा एक दिन सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड का काम भी देखने के निर्देश दिए गए हैं।

# अहाता के लिए थोक में आवेदन, ऑनलाइन की तारीख खत्म, आवंटन चुनाव के बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आबकारी विभाग ने राज्य में अहाता पॉलिसी लागू की है। इसके तहत शराब दुकानों के पास अहाता खोलने के लिए विभाग ने ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे। इसके लिए लोगों ने भी थोक में आवेदन किए हैं।

आवेदन करने की गुरुवार को अंतिम तारीख थी, वहीं अहाता का आबंटन 25 अप्रैल को किया जाना था, लेकिन आचार संहिता के कारण अहाता की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अहाता का आबंटन अब लोकसभा चुनाव के अंतिम व तीसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद किया जाएगा। इसके लिए 10 मई की तारीख तय की किए जाने की भी जानकारी है। विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि चुनाव के कारण आबंटन की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। हालांकि तारीख सिर्फ आबंटन के लिए बढ़ाई जा रही है या फिर बढ़ी हुई तारीख तक आवेदन भी किए जा सकते हैं, इस संबंध में अधिकारी ने भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। राज्य सरकार शराब दुकानों के लिए अहाता पॉलिसी लेकर आई है। अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड ने टेंडर निकाला है, जिसके लिए 8 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। टेंडर के अनुसार सभी जिलों में कौन-कौन सी शराब दुकानों के पास अहाते खोले जाने हैं, इसकी सूची ऑनलाइन साफ्टवेयर में डाल दी गई है। सूची के अनुसार सभी अहातों की बोली रेट भी तय किया गया है। इस बोली के अनुसार ही लोगों ने आवेदन किए हैं।

### रायपुर जिले में 56 अहाता के लिए बोली

विभागीय सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में अहाता के लिए 56 शराब दुकानों का चयन किया गया है। इन दुकानों के लिए ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं, लेकिन कुल कितने आवेदन आए हैं, इसकी जानकारी विभाग के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे है। उनका कहना है कि आबंटन के दिन ही कुल कितने आवेदन आये हैं, इसका पता चल पाएगा।

*जिसकी बोली ज्यादा उसे मिलेगा ठेका : आबकारी विभाग के नियम के अनुसार आवेदन करने वालों में जिसकी बोली ज्यादा होगी, उसे ही अहाता का ठेका दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार हर अहाता की सरकारी बोली वहां की शराब दुकान की हर दिन की शराब बिक्री को देखते हुए तय की गई है। सरकारी बोली के अनुसार आवेदन करने वालों ने भी उससे ज्यादा बोली लगाकर आवेदन किए हैं। इस तरह जिसके आवेदन में बोली ज्यादा होगी अहाता का ठेका भी उसे ही मिलेगा।*

# आपसी रंजिश पर युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व 22 अप्रैल को युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या आपसी रंजिश पर किए जाने की बात पुलिस बता रही है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू के साथ एक ई-रिक्शा को जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक आर्यन सिंह तोमर की हत्या के आरोप में संतोषी नगर निवासी शुभम गिरी गोस्वामी, बोरियाखुर्द निवासी सूरज नंदे तथा न्यू राजेंद्र नगर निवासी रितिक केशरवानी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को आर्यन शाम साढ़े सात बजे अपने घर से टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान बदमाशों ने उसे घेर लिया और पुरानी रंजिश के लेकर आर्यन के साथ लाठी डंडे से मारपीट करने के बाद उसके छाती में चाकू से हमला कर गंभीर हालत में मौके पर छोड़कर फरार हो गए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### कंडेल में साहू समाज ने मनाई दानवीर भामाशाह जयंती

**धमतरी।** जिला साहू समाज अध्यक्ष अवनेंद्र साहू के निर्देश व झिरिया परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष डेरहू राम साहू के मार्गदर्शन में ग्राम कंडेल में निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं करियर गाइडेंस की जानकारी देने 5 मई से एक माह तक निःशुल्क क्लास लगाई जाएगी। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ गणेशप्रसाद साहू ने बताया कि झिरिया परिक्षेत्र के 28 ग्रामों के कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है। सभी जाति के विद्यार्थी अपना पंजीयन ग्रामीण अध्यक्ष के पास करा सकते हैं। ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली, खेलकूद, कंप्यूटर, स्काउट गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रॉस के बारे में जानकारी दी जाएगी। समय-समय पर जिले के अधिकारियों का मार्गदर्शन भी मिलेगा। कार्यक्रम को लेकर ग्राम कंडेल के साहू समाज भवन में बैठक रखी गई थी। इस दौरान दानवीर भामाशाह की जयंती पूजा-अर्चना कर धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष डेरहू राम साहू, कोषाध्यक्ष काशीराम साहू, सहसचिव मीनेश कुमार, गौकर्ण साहू, टिकेश्वर साहू, गुलजारी साहू उपस्थित थे।

### केवि के स्काउट्स-गाइड्स छात्रों ने बनाया प्याऊ घर



**धमतरी।** केंद्रीय विद्यालय के स्काउट गाइड विभाग द्वारा विद्यालय के बाहर एक शीतल प्याऊ घर का निर्माण किया गया जिसका उदघाटन प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार ने किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने शिक्षकों एवं बच्चों को इस सेवा कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए पानी की व्यवस्था करना एक पुनीत कार्य है। सुरेश देवांगन ने कहा कि वर्तमान में लोग पानी को भी व्यापार बना लिए हैं जो हमारी संस्कृति के प्रतिकूल है। यह निःशुल्क प्याऊ घर जनमानस में सेवाभाव का संचार करेगा। शिक्षक हरेन्द्र साहू ने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन सेवा और भलाई का कार्य करना चाहिए। रीमन लाल ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को मानव समाज के अतिरिक्त पशु-पक्षियों के लिए भी पेयजल की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्काउट योगराज और पुष्कर साहू ने जल संरक्षण आधारित नारे लगवाए। इस प्याऊ घर को बनाने में बीआर यादव सहित स्काउट्स गाइड्स के बच्चों का योगदान रहा।

### हनुमान का जन्म महोत्सव धूमधाम से मना

**धमतरी।** बजरंग अखाड़ा में विराजित प्रज्ञेश्वर संकटमोचन हनुमान का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। राजेंद्र नाग व्यवस्थापक हनुमान मंदिर बैगापारा दानीटोला ने बताया कि आयोजन में वार्ड की मातृशक्तियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सभी ने आत्म कल्याण, विश्व कल्याण के लिये आहुति डाली।

# भगत सिंह हायर सेकंडरी स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भगत सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 9वी एवं 11वीं के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम 25 अप्रैल को घोषित किए गए। इस अवसर पर समस्त छात्राएं छात्र-छात्राएं एवं पालक गण तथा स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा नवमी से कुमारी महिमा ने 71.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी दीक्षा ने 64 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुमारी सरीता ने 61 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11वीं में कुमारी सुनेमिया सांगरिया ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोवेश कुमार ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कुमारी वंदना बघेल ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य विनीता बेंजामिन ने प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। सत्र 2023-24 में जिन विद्यार्थियों ने शाला में होने वाले अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया, ऐसी प्रतियोगिताओं में फूलों तथा अनाज की रंगोली में कुमारी डिंपल निषाद ने प्रथम और कुमारी नंदिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में यशोदा ने प्रथम और कुमारी प्रीति नेताम नई द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में कुमारी पूनम ने प्रथम और कुमारी नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में लोवेश बघेल ने प्रथम स्थान दिव्या नाग ने द्वितीय स्थान और लकी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक नृत्य के कार्यक्रम में कुमारी प्रियंका कश्यप ने प्रथम स्थान, कुमारी सीता बघेल ने द्वितीय स्थान और कुमारी गीता बघेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिया सजाओ प्रतियोगिता में तरण कुंभाकार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में हरिश सेठिया ने प्रथम स्थान और लोवेश बघेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कुमारी स्नेहा ने प्रथम स्थान और कुमारी महिमा नाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया।

### प्राचार्य ने असफल विद्यार्थियों को प्रयास करने दिया मार्गदर्शन

प्राचार्य ने अपने संबोधन में सभी सफल एवं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और असफल अनुतीर्ण विद्यार्थियों को पुनः प्रयास कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला परिवार के हेमावती चिव्हाने, चंद्रप्रकाश देवांगन, आशा पटनायक, सतपाल शर्मा, किरण कुमार चौहान, अभिराम पटेल,अनिल शुक्ला, नीतू शर्मा, गीता मूर्ति, भारती नामदेव, नीतू शर्मा, रोशनी शिंदे, किरण महापात्र, योजना देवांगन, अंजू रावते एवं शाला के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का कमिश्नर व आईजी ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा निर्वाचन के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान दिवस पर 26 अप्रैल को मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का कमिश्नर श्याम धावड़े और आईजी सुंदरराज पी. ने निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के केशकाल विधानसभा के युवा मतदान केंद्र जैतपुरी, आदर्श संगवारी मतदान केंद्र गुलबापारा, चिखलाडीही मतदान केंद्र और खालेमुरवेंड मतदान केंद्र का निरीक्षण किए। उन्होंने युवा और आदर्श मतदान केंद्रों को बस्तर की संस्कृति के थीम पर सजावट करने के लिए सराहना की। साथ ही मतदान केंद्रों में मतदान दलों से मतदान प्रतिशत का संज्ञान लेकर मतदाताओं की आवश्यक सुविधा एवं अन्य व्यवस्था का भी निरीक्षण किए। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, कमिश्नर के निज सहायक हरेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## इंद्रावती से पानी ले जा रहे चित्रकोट के बच्चे...




जगदलपुर। लोहंडीगुड़ा ब्लाक का चित्रकोट जलप्रपात जहां हमेशा पर्यटकों की भीड़ रहती है, वहां 5 दिन से बिजली बंद होने से वीरानी छाई हुई है। ग्राम चित्रकोट के घुमरगुंडा पारा के बच्चे जलप्रपात के समीप से इंद्रावती नदी का पानी कावड़ में ले जा रहे हैं। गांव में पीने के पानी की समस्या गंभीर है, इसलिए इंद्रावती के पानी से खाना बनाने और पीने के लिए पानी ले जाना पड़ रहा है। होम स्टे के संचालक विजय गुप्ता ने बताया कि सभी गांव में बिजली के बिना जनजीवन थम सा गया है। सबसे अधिक परेशानी पीने के पानी की है। इसलिए इंद्रावती नदी आकर बच्चे पानी ले जा रहे हैं।

**ग्रीष्म कालीन छुट्टी में जाने वाले यात्री को कोलकाता सफर के लिए रायपुर जाना होगा**

# समलेश्वरी और राउरकेला एक्सप्रेस के रद्द होने से यात्रियों की बढ़ेगी मुसीबत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर को पश्चिम बंगाल से जोड़ने यहां से हावड़ा के बीच सीधी ट्रेन सुविधा है लेकिन पिछले 4 माह से अधिक समय से हावड़ा तक चलने वाली सम्लेश्वरी एक्सप्रेस रेल लाइन तिहरीकरण और दोहरीकरण कार्य के चलते बार-बार बाधित हो रहा है। सप्ताह भर पहले सम्लेश्वरी एक्सप्रेस एक सप्ताह तक रद्द की गई थी जो 25 से 27 तक तीन दिन के लिए संचालित होगी। 28 अप्रैल से 7 मई तक पुनः रद्द होगी।

हावड़ा और राउरकेला से जगदलपुर के बीच चलने वाली दोनों यात्री ट्रेनें समलेश्वरी और राउरकेला एक्सप्रेस 28 अप्रैल से आगामी 11 दिनों तक जगदलपुर नहीं आएगी। ओडिशा में रायगढ़ा-कोरापुट रेललाइन (केआर) के टिकरी, सिंगाराम और लक्ष्मीपुर स्टेशनों के बीच नई रेललाइन (दोहरीकरण) की कमीशनिंग के लिए इन ट्रेनों के परिचालन की दूरी कम कर दी गई है। पूर्वी तट रेल जोन मुख्यालय भुवनेश्वर से 23 अप्रैल को देर शाम जारी सूचना में बताया गया कि हावड़ा जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस 26 अप्रैल से 11 दिनों तक बस्तर नहीं आएंगी। इसी तरह जगदलपुर से राउरकेला एक्सप्रेस भी रद्द किया जाएगा। इस अवधि में इस गाड़ी का परिचालन रायगढ़ा से जगदलपुर के बीच बंद रहेगा।

### नान इंटरलॉकिंग कार्य के लिए रोकी गई ट्रेने

केआर लाइन में दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। इस दौरान नान इंटरलॉकिंग कार्य के चलते मार्ग को बाधित किया गया है। इस दौरान समलेश्वरी एक्सप्रेस टिटिलागढ़, राउरकेला एक्सप्रेस रायगढ़ा से लौटेगी।28अप्रैल से 6 मई तक हावड़ा से छूटकर टिटिलागढ़ा तक आएगी और वहीं से लौट जाएगी। इसके कारण 28 अप्रैल तक टिटिलागढ़ और जगदलपुर के बीच इस ट्रेन का संचालन बंद रहेगा। इसी तरह राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस का संचालन 28 अप्रैल से 8 मई तक ओडिशा के रायगढ़ा स्टेशन तक होगा।

### दोहरीकरण से यात्री ट्रेनों की कमी दूर होगी

केआर रेललाइन का दोहरीकरण कार्य चल रहा है। दोहरी लाइन बिछाने का काम जैसे-जैसे पूरा हो रहा है उसकी कमीशनिंग भी की जा रही है। दोहरीलाइन में नान इंटरलाकिंग वर्क के लिए इस लाइन की यात्री ट्रेनों की दूरी कम की गई है। इन दोनों यात्री ट्रेनों के बस्तर नहीं आने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ेगी क्योंकि जगदलपुर से रायगढ़ा- संबलपुर के रास्ते चलने वाली यही दोनों गाड़ियां हैं।

# कलेक्टर ने विकास कार्यों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय शुक्रवार को गंगालूर का दौरा कर सर्वप्रथम तहसील कार्यालय गंगालूर का औचक निरीक्षण किये। इस दौरान कार्यालय पहुंचे चेरकंटी के ग्रामीण सम्माराव से आवश्यक चर्चा करते हुए उनके आवेदन एवं समस्या से अवगत हुए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में लंबित विभिन्न राजस्व प्रकरणों, आवेदनों एवं निराकरण संबंधी जानकारी ली। वहीं तहसील कार्यालय हेतु निर्माणधीन नवीन भवन के कार्य की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप अभियंता लोक निर्माण विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश मौके पर उपस्थित चिकित्सा अधिकारी को दिए। तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगालूर का निरीक्षण कर दैनिक ओपीडी, आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता संबंधी जानकारी ली एवं सभी वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। इस दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान चेरपाल स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चेरपाल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल भी मौजूद थे।

# दिनभर तपिश, शाम को रिमझिम बारिश, लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अंचल में पिछले 5 दिनों से गर्मी के प्रकोप से लोग हलाकान है, शुक्रवार को पारा सामान्य से 3 डिसे ऊपर चला गया। इस दौरान जगदलपुर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। इधर देर शाम 7 बजे मौसम में बदलाव हुआ और रिमझिम बारिश होने लगी। दिनभर गर्मी से परेशान लोगों को कुछ राहत मिली।

हालांकि आद्रता सुबह 53 प्रतिशत आंका गया था, जबकि शाम को इसमें कमी होकर 38 प्रतिशत दर्ज किया गया। बाजूजूद बारिश के संभावना नही थी, लेकिन देर शाम को भीषण गर्मी होने से खाड़ी से भारी मात्रा में नमी की वजह से हल्की बारिश होने लगी। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक वायुमंडल में एक पश्चिमी विक्षोभ दक्षिणी ईरान के ऊपर (60 डिग्री पूर्व और 18 डिग्री उत्तर) 3.1 किलोमीटर से 9.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। साथ ही एक द्रोणिका मराठवाड़ा से तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक सिस्टम के असर से प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी का प्रवेश हो रहा है। इसके प्रभाव से शनिवार को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। चन्द्रा ने बताया शनिवार को प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और अंधड़ चलने की सम्भावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक हल्की गिरावट होने की संभावना है।

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411

Bodhni Devi Pharmacy Diploma College
(Run By Bodhni Devi Educational Society)
Post Box No.-10, Village-Hajariguda, Pandripani, Post & Tehsil-Jagdalpur, Dist Bastar (C.G.)
Ref. No. BDPDC/JDP/3524 REQUIREMENTS Date: 25/04/2024
Application are Invited for the post notified below

| | | |
|---|---|---|
| TEACHING | Principal/Professor | 01 |
| | Associate Professor | 01 |
| | Assistant Professor/ Lecturer | 08 |
| NON TEACHING | Admission Officer-01, Librarian-01, Sports Officer-01, Lab Technician-06, Store Keeper-01, Peon-01, Driver-02 Computer Operator-02 | |

■ Qualification, Experience & Salary as per CSVTU/University Norms/UGC/PCI/AICTE Norms.
■ Interested Candidates can mail their Resume alongwith with relevant documents to infobodhnidevipharmacycollege@gmail.com / bdpc.jdp2019@yahoo.com Within 10 Days.
Contact Number:- 7470781084 Secretary